### बैलगाड़ियों से बंधे गौवंश की करनी चाहिए पहचान

## नए ढंग से हो रही है ग्रामीण क्षेत्र से महाराष्ट्र में गौवंश तस्करी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

ग्रामीण क्षेत्र से इन दिनों खामारपानी की ओर से महाराष्ट्र की ओर गोवश तस्करी करने की जानकारी मिल रही है। खामारपानी सवरर्णी भिलापर के रास्ते से बड़े पैमाने पर प्रदेश से महाराष्ट्र के शहरों में गोवंश की पैदल तस्करी हो रही है।

एक प्रेस व्यक्ति जारी करते हुए युवा अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष गुलशन गजभिये ने बताया कि ग्राम सवरनी–बैरागढ़ के रास्ते हर सप्ताह दो से तीन बार बेलगाड़ियों को गोवंश बांधकर खमारपानी की ओर से सवरर्णि भिलापर के रास्ते बड़े पैमाने पर पैदल यात्रा कर मध्य प्रदेश से महाराष्ट्र के प्रदेश में गोवंश पहुंचा जा रहा है। सड़कों पर अक्सर सप्ताह में एक दो बार बैल गाड़ीयो की पीछे गोवंश को बांधकर नागपुर की ओर लेकर जा रहे है।



अब इसमें सोचने वाली बात यह है अगर यह लोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर जीवन यापन हेतु जा रहे हैं,तो इनके पास गाय भी होनी चाहिए, परंतु न इनके पास गाय हैं, और नही घर का सामान केवल नाम मात्र की दो तीन खटिया दिखाई देती है।

प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर खुलेआम दिनदहाड़े यह पशु तस्करी नए तरीके से की जा रही है। जो कि एक संवेदनशील विषय है, लगातार कमर पानी से महाराष्ट्र की ओर जा रही बैलगाड़ियों से बंधे गोवंश को लेकर न भिलापर चौकी, ग्राम पंचायत हो या फिर पुलिस के द्वारा भी किसी प्रकार की कोई पूछताछ या इनकी पहचान नहीं की जा रही है। ग्रामीणों के द्वारा पंचायत एवं पुलिस को भी इसकी शिकायत की जा चुकी है बावजूद इसके इस पर कोई जांच पड़ताल नहीं हो रही है पुलिस प्रशासन ने इस पर ध्यान देते हुए जांच करनी चाहिए।

### सिंगोड़ी चौकी क्षेत्र का मामला

## पुलिस ने जुआफड पर मारी रेड, 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय व अति.पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्रीमती कल्याणी वरकड़े, थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे के मार्गदर्शन मे दिनांक 07/12/2025 को जुर्म जरायम पतासाजी हेतु कस्बा भ्रमण मे रवाना हुये जो दौरान भ्रमण के पृथक पृथक मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग सिद्ध बाबा मंदिर के पास ग्राम भोकई एवं तालाब के पास ग्राम नेहरिया में ताश के 52 पत्तो पर रूपये पैसो के हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। मुखबिर सूचना पर रेड कार्यवाही कर सिद्ध बाबा मंदिर के पास ग्राम भोकई से आरोपीगण (1) मोहनलाल पिता बारेलाल दायमा उम्र 55 वर्ष, (2) राम उर्फ रामकुमार पिता फूलचंद मेहलवंशी उम्र 32 वर्ष, (3) विजय पिता स्व. सूरतलाल आहके उम्र 38 वर्ष, (4) योगेश नागवंशी (फरार आरोपी) सभी निवासी ग्राम भोकई चौकी सिंगोड़ी के कब्जे से 52 ताश के पत्ते एवं 4500/- रूपये नगदी तथा तलाब के पास, ग्राम नेहरिया से आरोपीगण (1) सुखप्रसाद पिता मदन नवरेती उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम नेहरिया, (2) टेकचंद पिता छोटेलाल चंद्रवंशी उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम राहीवाड़ा, (3) रहमान पिता रतनलाल मरावी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम झुर्रे बस्ती (शिवपुरी) के कब्जे से 52 ताश के पत्ते एवं नगदी 3000/- रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।



आरोपीगण का कृत्य धारा 13 जुंआ एक्ट का पाये जाने से अप. क्रं – 912/2025 धारा- 13 जुंआ एक्ट एवं अप. क्रं – 913/2025 धारा- 13 जुंआ एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तारशुदा आरोपियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

(1) मोहनलाल पिता बारेलाल दायमा उम्र 55 वर्ष, (2) राम उर्फ रामकुमार पिता फूलचंद मेहलवंशी उम्र 32 वर्ष, (3) विजय पिता स्व. सूरतलाल आहके उम्र 38 वर्ष, (4) योगेश नागवंशी सभी निवासी ग्राम भोकई चौकी सिंगोड़ी, (5) सुखप्रसाद पिता मदन नवरेती उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम नेहरिया चौकी सिंगोड़ी, (6)टेकचंद पिता छोटेलाल चंद्रवंशी उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम राहीवाड़ा चौकी सिंगोड़ी,(7) रहमान पिता रतनलाल मरावी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम झुर्रे बस्ती थाना शिवपुरी जप्त संपत्ति जुंआ की कुल जप्ती रकम 7500/- रुपये नगदी एवं 52 ताश के पत्ते।

### इनकी रही भूमिका

पुलिस टीम चौकी प्रभारी सिंगोडी उप निरी पंकज राय, सउनि राजकुमार, प्र.आर. इंद्रजीत, आर. सूरज, आर. गुरमुख ,आर. उमाशंकर।

## जिले में आदिवासियों के धर्म परिवर्तन पर प्रशासन की बेरूखी चिंताजनक

### धर्म परिवर्तन के समर्थकों पर कठोर कार्यवाही की बजरंग दल ने की मांग, जरूरत पड़ी तो होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

रविवार को धरमटेकड़ी चौकी अंतर्गत खापाभाट में भोले भाले ग्रामीणों को एकत्रित कर चंगाई सभा का आयोजन किया जा रहा था। धर्म के नाम पर आयोजित इस सभा में ग्रामीणों को बहकाकर धर्मपरिवर्तन के लिए बाध्य किया जा रहा था जिसमें विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को लेकर धावा बोला और मौके पर पहुंचे धरमटेकड़ी प्रभारी अविनाश पारधी से शिकायत करते हुए खापाभाट वार्ड दस निवासी कमलेश कवरेती ने बताया कि धर्म परिवर्तन के नाम पर यहां लोगों को एकत्रित किया गया है। कमलेश की शिकायत पर खापाभाट निवासी 47 वर्ष



सत्यनारायण पिता पूरनलाल ठाकुर, नागपुर निवासी राजेश पिता रेखा शंकर दाढ़े, ईएलसी चर्च कम्पाउंड निवासी 26 वर्ष आराधना रामकृष्ण बावने ने इन्हें धमकी और दबाव के बाद प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया। शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 3, 5 धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2023 के तहत मामले को जांच में लिया है।

### बड़ा सवाल

आदिवासी बाहुल्य जिला होने के बाद धर्म परिवर्तन कराने वालों की नजर इस जिले में बहुत लंबे समय से है लेकिन आंख मूंदकर बैठे प्रशासन के सामने यह सब हो रहा है। हजारों लोग धर्म परिवर्तन कर दूसरे धर्म में जा रहे है जिसमें यह कार्य ईसाई धर्म के लोग ज्यादा कर रहे है। ऐसे में कठोर कार्यवाही का अभाव जिले में धर्म परिवर्तन की घटनाओं को बढ़ावा दे रहा है। वनविभाग में कार्यरत सत्यनारायण ठाकुर पर पहले भी धर्म परिवर्तन के मामले में शिकायत की गई थी। परंतु इन पर आज दिनांक तक कोई कठोर कार्यवाही नहीं हुई इसलिए ये अपने पुराने काम में पुनः जुट गए।

### धर्म परिवर्तन कर एसी, एसटी कोटे से कर रहे शासकीय नौकरी

धर्म परिवर्तन कर पुरानी जाति का लाभ लेकर कार्य कर रहे है जो कि कानूनन गलत है। अभी हाल ही में आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले ने इनके बीच हड़कंप सा मचा दिया है। अगर मप्र सरकार यूपी सरकार के तर्ज पर शासकीय सेवकों की इस तरह की फर्जी जाति प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी करने वालों की अगर जांच की जाती है तो सैकड़ों मामले सामने आएंगे और अगर कार्यवाही नहीं हुई तो धर्म परिवर्तन का यह खेल कब तक चलता रहेगा यह बहुत चिंता का विषय है। हिन्दूओं के परिवारों की गरीबी को आधार बनाते हुए चंद रूपयों की लालच देकर भोले भाले आदिवासियों को ईसाई बनाने का काम जिले में कई वर्षों से चल रहा है जिस पर रोक लगाया जाना बेहद जरूरी है। अगर प्रशासनिक अधिकारी अपनी कार्यवाही मुस्तैदी से नहीं करते है तो वह दिन दूर नहीं जब विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल जैसे सामाजिक संगठन सड़कों पर उतरकर इसका विरोध करेंगे और इस स्थिति के लिए जिम्मेदार सिर्फ प्रशासन होगा।

### कॉलेज की छात्राओं ने पोषण युक्त भोजन की जानीं महत्ता

बिछुआ। वीर अमर शहीद स्व. श्री कबीरदास ऊईके शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के महिला प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय महिला स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आरपी यादव के संरक्षण में एवं महिला प्रकोष्ठ प्रभारी व समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजन और अतिथियों स्वागत के हुआ। डॉ. पूजा तिवारी ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ आरबीएसएमओ स्वास्थ्य विभाग की डॉ. निधि सूर्यवंशी ने छात्राओं से आंतरिक और बाह्य समस्याओं पर चर्चा की।

### स्कूली बच्चों को ठंड से बचने गर्म स्वेटरों का किया वितरण



छिंदवाड़ा। आज पाल बिल्डर इंजीनियर परिवार की ओर से छिंदवाड़ा के पास ग्राम पायली में एकीकृत माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक गुलाबराव झरबड़े जी के मार्गदर्शन में कक्षा पहले से आठवीं तक के सभी बच्चों को गर्म कपड़े स्वेटर वितरित किए गए जिसे मुख्य रूप से राहुल कुमार पाल ,गौरव सेन जिला संयोजक बजरंग दल एवं इंजीनियर रोहित सिसोदिया उपस्थित रहे।

### भगवान श्रीसहस्त्रबाहु की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर बैठक में बनी रूपरेखा

सौसर। कलार समाज के आराध्य भगवान श्री सहस्त्रबाहु भव्य प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम को लेकर नगर के सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर में समाज की बैठक संपन्न हुई है। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से26 फरवरी से 1मार्च तक कार्यक्रम का



आयोजन किया जाएगा, बैठक के दौरान आयोजन के विभिन्न पहलुओं को लेकर समिति के पदाधिकारी की प्रमुख उपस्थिति में चर्चा की गई है। जिंसमे कार्यक्रम की समितिया बनाकर सभी समाज बंधुओ को जिम्मेदारी दीं गयी है। आयोजन के संबंध में समिति से जुड़े राजू बाविस्टाले ने बताया27 फ़रवरी को नगर में भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएंगी, 1 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम, बाहरी मेहमानों का स्वागत,बुजुर्गो, युवाओ का सम्मान सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। बैठक में समाज के पदाधिकारीसमाज बंधुओ ने अपने विचार रखे है।कार्यक्रम में मध्य प्रदेश महाराष्ट्र, बिहार,उत्तरप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य भागो में रह रहे समाजबंधुओं को आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक में डहरवाल कलार समाज के प्रांतीय सचिव राजु बाविस्टाले सौसर अध्यक्ष आशीष लोनारे उपाध्यक्ष विजय लोनारे, सचिव किशोर बाविस्टाले ,सहसचिव मनोज लोनारे, कोषाध्यक्ष प्रकाश लोनारे, गजानन वाघमारे, मारोती लोनारे,महेन्द्र लोनारे, भीमराव वाघमारे, पंकज लोनारे, राजु लोनारे, मोहन वाघमारे, डॉ ओमकार बाविस्टाले, गणेश सूर्यवंशी,ओम लोनारे, अंशुल लोनारे ,शुभम लोनारे,दादू लोनारे,आदि उपस्थित थे।

## वनविभाग ने शिकारियों को बंदूक के साथ दबोचा

### वन परिक्षेत्र पश्चिम हर्रई का मामला, आरोपियों के ऊपर हुआ मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मुख्य वन संरक्षक वनमंडलाधिकारी पूर्व छिंदवाड़ा सा. एवं उपवनमंडल अधिकारी अमरवाडा के निर्देश अनुसार वन परिक्षेत्र पश्चिम हर्रई सा. अंतर्गत प्रातः कालीन गश्ती के दौरान सोमवार को प्रातः 7:30 बजे बोरिया के कक्ष क्रमांक पी. 1027 में 03 नग आरोपी 03 नग भरमार बंदूक एच.एफ. डिलक्स मोटर साइकिल वाहन क्रमांक एम.पी.49 एम.जे. 2281 सहित वन्य जीव के शिकार के उददेश्य से घूमते हुए पाये गये। जो गश्ती दल को देखकर मोटर साइकिल एवं बोरे सहित भरमार बंदूक 3 नग मौके से फेककर ग्राम बडसलैया की ओर भागे जिनका पीछा वन गश्ती दल के द्वारा दौड कर किया गया। ग्राम बडसलैया में तीनो आरोपियों को गश्ती दल द्वारा पकड लिया गया एवं मौके पर लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ के द्वारा उन्होने अपना नाम 1. राजेन्द्र वल्द सीताराम कुमरे उम्र 24 वर्ष 2. रामकुमार वल्द दशनलाल यादव उम्र 25 वर्ष 3. प्रकाश वल्द बसंत यादव उम्र 21 वर्ष साकिन पापड़ा तहसील / थाना हर्रई जिला छिंदवाड़ा बताया गया। इनके विरूद्ध भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 1, 2, 3, 4, 5, 9 एवं 51 के तहत अवैध शिकार में संलिप्त आरोपियां के विरूद्ध प्रकरण क्रमांक 132/10 दिनांक 08.12.2025 किया गया।

### ग्रामीणों की मांग, बेरियर एरिया क्षेत्र में बैक एटीएम जैसी सुविधा उपलब्ध होना चाहिए

दमुआ। शहर के मुख्य ऐरिया बेरियर क्षेत्र से मुख्य बाजार शुरू होता है और अधिकांश व्यापार फुटकर से लेकर बडे दुकानदार भी दमुआ बेरियर एरिया क्षेत्र के अन्तर्गत अपना व्यापार चलाते है। और अपने परिवार का भरण पोषण भी इसी व्यापार से चलता है। सरकारी आफिस डाकघर उपक्रम बैक वेकोलि आफिस सोसायटी आफिस सहित अन्य टेड यूनियन के आफिस भी इसी क्षेत्र में संचालित होते थे और लोगो की अधिक संख्या में आवाजाही हुआ करती थी और चहल पहल भी बनी रहती थी मूलभूत सुविधा भी रहती है जनमानस नागरिको को कोई परेशानी नही होती थी जरूरत और समय के हिसाब से लोगो बैक से लेनदेन करने के लिए बैक भी इसी क्षेत्र में था मगर बैक अन्य जगह विस्थापित होने से लोगो की परेशानी बढ गयी लेन देन करने के लिए लोगो दूर आना जाना पड रहा है। जबकि यहां पर ए.टी.एम. जैसी सुविधा इस क्षेत्र उपलब्ध नही है स्थानीय समाज सेवी नागरिकों का कहना एवं मांग है कि बेरियर एरिया क्षेत्र में बैक ए.टी.एम. जैसी सुविधा उपलब्ध होना चाहिए। जिसमें भारतीय स्टेट बैंक, बैक ऑफ इंडिया, महाराष्ट्र बैक, जिला सहकारी बैक एवं एच.डी. एफ.सी बैक आदि बैकों के द्वारा दमुआ बेरियर क्षेत्र में ए.टी.एम. जैसी सुविधाऐं प्रारम्भ करना चाहिए जिससे लोगो को परेशानी का सामना ना करना पडे।

## जांच के नाम पर दो दिनों से चल रहा अधिकारियों का खेल

### इतनी गोपनीय जांच की मीडिया कर्मियों से भी नहीं कर रहे बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

किसानों के साथ ठगी करने वाले बहुउद्देश्यीय प्राथमिक सहकारी साख समिति शिकारपुर भगतराम माहोरे की शिकायत के बाद प्रशासन जागा और जांच टीम बनाकर टीम को जांच का जिम्मा सौंपा गया।



तीन दिन बीतने के बाद रोज रोज जांच अधिकारी मौके पर जा रहे है लगता है या तो दो चार को निलंबित ही करके मानेंगे या फिर जांच को लीपापोती कर कुछ नहीं मिला ऐसा बोलकर जांच खत्म कर दी जाएगी। यह तो वक्त ही बताएगा ऐसा कयास इसलिए लगाए जा रहे है क्योंकि ज्यादातर शासकीय जांचें इसी तरह से समाप्त कर दी जाती है। सहकारी समितियों में गोलमाल की जांच का यह पहला मामला नहीं है। कृषि विभाग के अधिकारी खासकर मोहखेड़ ब्लॉक के अधिकारी इसके लिए इसमें बहुत माहिर है। जांच लीपापोती होने की संभावना अधिक है। पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से मोहखेड़ में पदस्थ डीएस घाघरे के सामने ऐसी कई जांचें काल के गाल में समा चुकी है।

शिकारपुर सहकारी समिति में 1720 रूपए की खाद किसान को 1850 रूपए में बेचना खुलेआम साबित हुआ है। देखना है कि जांच किस करवट बैठती है। प्रबंधक के अलावा किस स्टाफ को इस जांच के दायरे में लाया जाता है।

बहरहाल मामला जो भी शिकायतकर्ता न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी में है। अगर विभाग की जांच से वह संतुष्ट नहीं हुआ तो निश्चित रूप से समिति की यह जांच विभाग के जांच अधिकारियों पर प्रश्न चिन्ह लगाएगी।

## पर्वतारोही भावना को मिलेगा विक्रम अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

माउंट एवरेस्ट फतह कर प्रदेश का नाम रोशन करने वाली पर्वतारोही भावना डेहरिया को अब विक्रम अवॉर्ड मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने सोमवार को उनके चयन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी और राज्य सरकार के निर्णय को सही ठहराया।



न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा ने आदेश सुनाते हुए कहा कि 2023 के एडवेंचर स्पोर्ट्स कैटेगरी के लिए राज्य सरकार द्वारा लिया गया निर्णय नियमों के अनुरूप है और इसमें किसी प्रकार की त्रुटि नहीं है। यह महत्वपूर्ण जानकारी एडवोकेट अनुनय श्रीवास्तव, जो मामले में भावना डेहरिया की ओर से उपस्थित थे, द्वारा साझा की गई। वहीं, राज्य सरकार की ओर से इस मामले में डिप्टी एडवोकेट जनरल श्रेय राज सक्सेना ने प्रभावी तरीके से पक्ष रखा, जिसे न्यायालय ने स्वीकार किया। यह याचिका मधुसूदन पाटीदार द्वारा दायर की गई थी, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि वे भावना डेहरिया से वरिष्ठ हैं और उन्हें ही पुरस्कार मिलना चाहिए। हालांकि न्यायालय ने पाया कि पाटीदार का एवरेस्ट आरोहण वर्ष 2017 का है, जो मध्य प्रदेश पुरस्कार नियम, 2021 के अनुसार निर्धारित पांच वर्ष की पात्रता अवधि से बाहर है।

### काम में निकली कई खामियां, निरीक्षण में ठेकेदार को दी हिदायत

## बाउंड्रीवॉल के घटिया निर्माण को लेकर विभाग के इंजीनियर ने ठेकेदार को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नंदलाल सूद प्रांगण में जनजाति कार्य विभाग( ट्रायवल) से बन रही नवनिर्मित लगभग 300 मीटर बाउंड्री वॉल के घटिया निर्माण को लेकर विभाग के इंजीनियर ने ठेकेदार को औचक निरीक्षण कर फटकार लगाई. जुन्नारदेव शहर निरीक्षण करने पहुंचे विभाग के इंजीनियर दीपक सरेआम ने बाउंड्री वॉल के निर्माण स्थल पर पहुंचकर कांक्रीट बेस व कॉलम फूटिंग में एस्टीमेट के आधार पर काम नहीं किए जाने, कुछ कॉलम के गड्डों की गहराई कम दिखाई देने, सब बेस में डाले हुए कांक्रीट सीमेंट के मिश्रण में वाइब्रेटर मशीन का उपयोग नहीं



करने सहित गड्डों में फूटिंग का स्तर कम होने व आसपास लोहे की सरिया में बगैर सेंटरिंग लगाए निर्माण कार्य करने को लेकर खासी नाराजगी जताई. इस दौरान इंजीनियर ने ठेकेदार के कर्मी को फटकारते हुए इन सब तकनिकी कमियों को शीघ्र अति शीघ्र सही करने की हिदायत दी. ज्ञात हो कि नंदलाल सूद प्रांगण में बीते 10 दिन से जनजाति कार्य विभाग के द्वारा बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य बिछुआ ब्लॉक के किसी ठेकेदार से कराया जा रहा है. वही नंदलाल सूद प्रांगण में बन रहे टेनिस कोर्ट में भी घटिया निर्माण करने की लगातार शिकायत मिल रही है. निर्माण के प्रथम दिन से ही जेसीबी से खुदाई करने, पाइपलाइन के ऊपर गड्ढे करने व एस्टीमेट के आधार पर कॉलम के गड्डों की खुदाई न करने जैसे अन्य मामलों को लेकर ठेकेदार की शिकायतें लगातार हो रही है. जिस पर विभाग के इंजीनियर ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर उन्हें फटकार लगाई।

### फूटिंग व कॉलम के गड्डों में दिखी भिन्नता

निर्माण स्थल पर ओवरब्रिज के सामने मैदान में लगभग 30 से अधिक गड्ढे की खुदाई बाउंड्री वॉल के लिए की गई है. इनमें से लगभग 15 गड्डों में वर्तमान समय में लोहे के कॉलम खड़े कर कार्य किया जा रहा है.जिसमें काफी भिन्नता देखने को मिली. निरीक्षण के दौरान इंजीनियर ने बहुत से गड्डों में 14 इंच के आसपास होने वाली फूटिंग को अपने जांच में काम पाया. सब बेस के ऊपर लगभग 14 इंच की फूटिंग कॉलम के गड्डों में की जानी थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ है. यहां मैदान में कई कॉलम के गड्डों की गहराई व चौड़ाई में भी भिन्नता दिखाई दी. कई गड्डों मे सब बेस व फूटिंग डालने के बाद नपाई करने पर लगभग 28 इंच तो किसी गड्डों मे 40 इंच के ऊपर गहराई गढ़ों मे वर्तमान में दिखाई दी, जबकि यह गहराई और भी ज्यादा दिखाई देनी चाहिए थी. जो कि नहीं दिखाई दे रही है. कॉलम के गड्डों में कहीं ऊंचा सस्तर तो कहीं नीचे स्तर रख दिया गया है जिससे भविष्य में बनने वाली बाउंड्री वालों की गुणवत्ता खराब होगी।

### इनका कहना है

मेरे द्वारा निर्माण स्थल पर एस्टीमेट के अनुसार कार्य करने के निर्देश ठेकेदार को दिए गए हैं. यदि काम आगे और भी घटिया तरीके से किया जाएगा तो भुगतान रोका जाएगा।

दीपक सरेआम, इंजीनियर जनजाति कार्य विभाग

## नगरपालिका कर्मियों ने सुरक्षित गौशाला पहुंचाया

# मशक्कत के बाद नपा कर्मियों के हत्थे चढ़ी खतरनाक गाय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

बीते कुछ दिनों से शहर में उत्पात मचाती, राहगीरों को मारती, दो पहिया, चौपहिया से आवागमन करने वालों के लिए मुसीबत बनी खतरनाक गाय आखिरकार बड़ी मशक्कत के बाद नपा कर्मियों के हत्थे चढ़ ही गई । जिसे पकड़कर गौशाला पहुंचाया गया ।नगर पालिका परासिया के सफाई दरोगा सलीम खान और दीपक राय के नेतृत्व और मार्गदर्शन में 12 कर्मचारियों ने खतरा बन चुकी गाय को जनपद कार्यालय के पीछे पकड़ लिया । इस से पहले गाय ने नपा कर्मियों को महाराष्ट्र बैंक , एल आई सी ऑफिस की तरफ खूब छकाया और दौड़ाया । कर्मियों को गाय को बेहोशी का इंजेक्शन लगाने के लिए भी खूब मशक्कत करनी पड़ी । इंजेक्शन लगने के बाद भी वह बेहोश नहीं हुई , बस जब थोड़ा सुस्ती आई तब उसे पकड़ा गया और फिर नपा के वाहन से बीजकवाड़ा में स्तिथ गौशाला में पहुंचाया गया । बता दें , कि इस गाय ने बीते दो तीन दिनों में कुछ लोगों को घायल किया और कुछ वाहनों को क्षति भी पहुंचाई । बीते दिन नपा के ही एक कर्मचारी को अपनी बाइक से जाने के दौरान गाय ने टक्कर मारी थी , जिससे वह बुरी तरह घायल हुआ था । इसी गाय ने एल आई सी के सामने दो बाइक सवारों को गिराया । एक महिला के पीछे दौड़ी और उसको मारा । हालांकि इस गाय का मालिक कौन है , इसका पता नहीं लगाया जा सका ।



### गंभीर बनती जा रही आवारा पशुओं की समस्या

शहर में यहां - वहां आवारा पशुओं की मौजूदगी , उनकी धमाचौकड़ी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है । हालांकि इन पशुओं के मालिक जरूर होंगे , पर वे इनकी उपयोगिता तक ही मालिक होते हैं । इसमें नगरीय प्रशासन और पशु विभाग की जिम्मेदारी है , कि वे सड़क पर मौजूद पशुओं को चिन्हित कर उनके मालिकों का पता लगाएं और इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए कारगर कदम उठाए ।

### इनका रहा सहयोग

गाय को पकड़ने में नपा कर्मी हेमकुमार , दिमाकचंद , राजा मुरैला , गुलाब , राकेश , खेमचंद , मनोज , नितिन , सोमनाथ , नंदकिशोर और अमन सिल्लाम और पशु विभाग के दिलीप का विशेष सहयोग रहा ।

## रिसर्च टीम ने महिलाओं से की चर्चा



**परासिया :** कोलफील्ड्स द्वारा संचालित 2009 से पूर्व बंद की गई खदानों के 5 किलोमीटर के क्षेत्र में निवाससरत आबादी की आवश्यकता-आधारित कौशल विकास आवश्यकताओं के आकलन' के लिए मध्यप्रदेश के छिन्दवाडा एवं महाराष्ट्र के चन्द्रपुर जिलों का चयन किया गया है । जिसमें परासिया के 9 गांव है जिसमें भमोड़ी भी शामिल है । उक्त संदर्भ में मध्य प्रदेश सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान , उज्जैन के शोध अधिकारी डॉ. मनीष ज्ञानी एवं अनुसन्धान दल द्वारा ग्राम भमोड़ी में सर्वेक्षण कार्य कर 60 परिवारों से संपर्क किया गया । सर्वे पर आधारित रिपोर्ट के बाद ग्राम के लोगों को स्थानीय आवश्यकता अनुसार कैसे और किस प्रकार रोजगार उपलब्ध कराया जाए ? इसकी नीति बनाई जाएगी । इस संबंध में रिसर्च टीम ने महिलाओं से 8 दिसंबर सोमवार को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत भमोड़ी में विचार विमर्श किया और उन्हें स्किल डेवलपमेंट द्वारा स्व रोजगार से जोड़ने , आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनकी आवश्यकताओं पर चर्चा की । रिसर्च ऑफिसर डॉ मनीष ज्ञानी ने कहा , कि उन्होंने महाराष्ट्र और यहां भी शोध कार्य किया लेकिन ग्राम पंचायत भमोड़ी द्वारा शोध के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए जो सक्रियता दिखाई गई , वह अनुकरणीय है । सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने कहा कि रोजगार से जोड़ने के लिए वह समूह की महिलाओं को अन्य सफल संस्थाओं से रूबरू कराने के लिए पूरी व्यस्था करेंगे । जिससे महिलाएं जानकारी हासिल कर यहां भी स्व रोजगार स्थापित कर सके । इस अवसर पर रिसर्च ऑफिसर डॉ मनीष ज्ञानी , रिसर्च इनवेस्टिगेटर वीरेंद्र सिसोदिया , आकाश गहलोत , किशोर मालवीय , दिलीप मीणा , पंचायत सचिव राजेश सेंगर , रोजगार सहायक इकबाल अहमद सहित स्वयं सहायता समूह , आंगनवाड़ी आशा कार्यकर्ता उपस्थित रही ।

## रजिस्ड्र्ड डाक सेवा पुनः बहाल किये जाने की मांग

**छिंदवाड़ा।** सामाजिक कार्यकर्ता भगवान दिन साहू के नेतृत्व में बहुत से सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने केंद्रीय संचार ,सूचना प्रसार एव प्रोधोगिकी मंत्री



ज्योतिरादित्यसिंधिया के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर रजिस्ड्र्ड डाक सेवा पुनः बाहल किये जाने की मांग की ज्ञापन में बताया कि देश में लगभग 1.65 लाख डाकघर हैं जो भारत संचार विभाग के अंतर्गत कार्यरत है । जो दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क है । सोशल मीडिया के युग में आज भी देश के लोग भारतीय डाक विभाग को प्रथमिकता देते हैं । 1 अक्टूबर 2025 को इस ने विभाग द्वारा रजिस्टर्ड डाक सेवा बन्द कर दी । जिसकी जगह स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से ही पत्रों का आदान प्रदान हो रहा है । स्पीड पोस्ट सेवा ज्यादा महंगी है और जहाँ हवाई जहाज की सेवा हो वहाँ के लिए ठीक है । पूरे मध्यप्रदेश में 55 जिले है । जिसमें से केवल भोपाल ,जबलपुर , ग्वालियर , इंदौर में रेगुलर हवाई जहाज की सेवा है । लगभग 51 जिले इस सेवा से वंचित हैं । वैसे भी मेरे जिले में दिन भर जो जो पत्र रजिस्टर्ड होते हैं वे सब के सब पत्र जबलपुर भेजे जाते हैं ।फिर वहां से अन्य जगह वितरित होतें हैं । इन सब प्रक्रिया को लगभग 5 - 6 दिन लगते ही हैं। जबकि स्पीड पोस्ट में 48 घण्टे में सेवा प्रदान करने का नियम है। जो यहाँ सम्भव नहीं है ।

# नगर पालिका परिषद की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर पालिका परिषद की बैठक नगर पालिका सभाकक्ष में आहूत की गई। बैठक में नागरिकों की मांग एवं नगर के युवाओं के खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए नंदलाल सूद स्कूल के नेहरू स्टेडियम निर्माण हेतु नगर पालिका जुन्नारदेव को भूमि आवंटन के संबंध में विचार एवं निर्णय के प्रस्ताव रखे गए जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। इसी तरह दूसरा प्रस्ताव नगर के फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे सेल्फी प्वाईंट, हॉकर्स कॉर्नर, बेडमिंटन कोर्ट निर्माण एवं सौन्दर्याकरण कार्य कराये जाने के प्रस्ताव को परिषद के अधिकांश पार्षदों ने मंजूरी प्रदान की। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने किया। इस अवसर पर नगर के नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती सोनिया जी अपील समिति सदस्य सभापति संजय जैन श्रीमती सीमा चौरसिया श्रीमती दीप्ति साहू श्रीमती नीता श्रीमती लक्ष्मी चंद्रवंशी श्रीमती लता टांडेकर अमित यादव श्रीमती उर्मिला अमरवंशी पार्षद श्रीमती प्रमिला पाल राजेंद्र सूर्यवंशी प्रमोद वंडेवार प्रेम सा भलावी अरुणेश जायसवाल श्रीमती सावित्री सुमन गीता मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे । बैठक के अंत में कांग्रेस पार्षद गणों द्वारा पेयजल सप्लाई एक दिन के अंतराल से करने की मांग रखी गई।

## बिलावरखुर्द में बिजली समस्या को लेकर जेई से मिले भाजपा मंडल अध्यक्ष



**जुन्नारदेव।** बिलावरखुर्द सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली समस्या गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। वर्तमान में रबी सीजन के तहत किसानों के खेतों में गेहूं, चना सहित अन्य फसलें लगी हुई हैं, लेकिन निर्धारित समय पर बिजली आपूर्ति न मिलने से किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।इस समस्या की जानकारी ग्रामीणों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चन्द्रवंशी को दी। ग्रामीणों के साथ मंडल अध्यक्ष बिजली कार्यालय पहुंचे और जेई दुर्गेश डहरिया के समक्ष किसानों व ग्रामीणों की समस्याओं को विस्तार से रखा। मंडल अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि लगातार बिजली कटौती से किसान बेहद परेशान हैं और फसलों पर संकट मंडरा रहा है, इसलिए समस्या का शीघ्र समाधान आवश्यक है।जेई डहरिया ने पूरी गंभीरता से शिकायतों को सुनते हुए किसानों व भाजपा पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्या का जल्द ही निराकरण किया जाएगा।इस दौरान मंडल कोषाध्यक्ष मनीष साहू, पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी, जितेंद्र सूर्यवंशी, तथा ग्रामीण करन चंचल, संतलाल भारती, मुकेश, सतीश, मनेश, खुन्नीलाल, राजेश, जगदीश, संजय, ज्ञानलाल, सुक्कु, गुरदियल, अनिल, तुलसीराम सहित अन्य उपस्थित रहे।

## दमुआ में सेना से जुड़े राष्ट्रीय दिवसों पर विविध आयोजन

**दमुआ।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय दमुआ में 8 दिसंबर को सेना से जुड़े महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दिवसों — सेना दिवस, सशस्त्र बल ध्वज दिवस, भारतीय सेना सेवा कोर दिवस एवं विजय दिवस — के अवसर पर विविध जागरूकता एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए गए।महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन सुषमा टांडेकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जितेंद्र दिवाकर रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय सेना के शौर्य, अनुशासन एवं देशसेवा के महत्व से अवगत कराया।कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान, मेरा करियर–मेरा भविष्य सत्र, प्रेरणादायक भाषण करियर परामर्श मंच, प्रशिक्षण एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की जानकारी तथा वीडियो डॉक्यूमेंट्री एवं फिल्म स्क्रीनिंग जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं।इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को जाग्रत करना तथा उन्हें रक्षा क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

# लाँजी पुलिस ने 6 माह से फरार दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज **लांजी।** लाँजी थाना क्षेत्र में चल रहे एक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया । बालाघाट पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्शकांत शुक्ला ने थाना स्तर पर एक विशेष टीम का गठन किया। इस टीम का नेतृत्व लाँजी के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्री ओमप्रकाश ने किया।पुलिस टीम ने तकनीकी एवं गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की।मुखबिर से प्राप्त सूचना के अनुसार आरोपी महेन्द्र घोरमारे फरार होने की फिराक में था।सूचना मिलने पर पुलिस ने स्टाफ के सहयोग से आरोपी को उसके निवास स्थान, ग्राम दहेगाँव, लाँजी थाना क्षेत्र में धर दबोचा।आरोपी महेन्द्र पिता दयाराम घोरमारे जातिः माना उम्रः24 वर्ष निवासः ग्राम दहेगाँव, पर धारा 69, 296, 351(3) BNS के तहत पंजीकृत था।- आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ उसे जेल भेज दिया गया।इस कार्यवाही में भूमिका निभाने वाले अधिकारी थाना प्रभारी लाँजी, उनिदीप सिंह परमार-उनिविधि पान्डेय- सउनिमहेश तुरकने- आरसुजीत पाल, आरआशुतोष सिंह, आरपवन धाकड़, आररूपसिंह रावत नइन सभी अधिकारियों की सहयोगी भूमिका को पुलिस विभाग ने सराहा है।

# झालीवाड़ा सरपंच व सिर्रा, वारा व झालीवाड़ा में एक-एक पंच पद के उपचुनाव की अधिसूचना जारी

## 15 दिसम्बर तक नामांकन, 16 दिसम्बर जॉच, 18 को नाम वापसी व 29 दिसम्बर को होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत बालाघाट एवं कलेक्टर बालाघाट मृणाल मीणा ने जनपद पंचायत वारासिवनी की ग्राम पंचायत झालीवाड़ा के सरपंच एवं 3 पंचायतों के 3 वार्डो के पंचों के निर्वाचन के लिए उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। श्री मीणा द्वारा 8 दिसम्बर को जारी उपचुनाव की अधिसूचना के अनुसार जनपद पंचायत वारासिवनी की ग्राम पंचायत झालीवाड़ा में सरपंच एवं वार्ड नम्बर 6 के पंच पद, ग्राम पंचायत सिर्रा के वार्ड नम्बर 11 एवं ग्राम पंचायत वारा के वार्ड क्रमांक 12 के पंच पद के लिए चुनाव होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत मृणाल मीणा द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार सरपंच एवं पंच पद के लिए भाग लेने वाले उम्मीदवार 15 दिसम्बर को अपरान्ह 3 बजे तक जनपद पंचायत वारासिवनी के सभा कक्ष में नामांकन पत्र जमा कर सकते है। इन नामांकन पत्रों की समीक्षा 16 दिसम्बर 25 को प्रातः साढ़े 10 बजे से होगी, नामांकन पत्र जमा करने वाले उम्मीदवार 18 दिसम्बर 25 के अपरान्ह 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र वापस ले सकते है, उसके बाद चुनाव चिन्हों का वितरण कर दिया जायेगा। इसके बाद 29 दिसम्बर 25 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं द्वारा मतदान किया जायेगा।

अधिसूचना के अनुसार पंच पद के लिए जिन बूथो में मतदान होगा, वहीं पर मतदान की तिथि पर ही मतदान समाप्ति के बाद मतों की गणना की जायेगी, जिनका सारणीकरण व परिणामों की घोषणा 5 जनवरी 26 को जनपद पंचायत वारासिवनी के नये सभा कक्ष में की जायेगी। वहीं ग्राम पंचायत झालीवाड़ा के सरपंच पद के लिए मतदान होने के बाद उसकी मतगणना जनपद पंचायत वारासिवनी के नये सभा कक्ष में 2 जनवरी 26 को प्रातः 8 बजे से की जायेगी। मतगणना के बाद उसका सारणीकरण व परिणाम की घोषणा की जायेगी।




ग्राम पंचायत झालीवाड़ा में सरपंच पद के लिए पंचायत के वार्ड नम्बर 1 से 5 तक के मतदाता मतदान केन्द्र क्रमांक 65 प्राथमिक शाला भवन झालीवाड़ा, वार्ड नम्बर 6 से 10 के मतदाता मतदान केन्द्र क्रमांक 66 शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला का अतिरिक्त कक्ष झालीवाड़ा, वार्ड नम्बर 11 से 15 के मतदाता मतदान केन्द्र क्रमांक 67 शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झालीवाड़ा, वार्ड नम्बर 16 से 20 के मतदाता मतदान केन्द्र क्रमांक 68 ग्राम पंचायत भवन झालीवाडा एवं वार्ड क्रमांक 6 के पंच पद हेतु मतदाता मतदान केन्द्र क्रमांक 66 शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला का अतिरिक्त कक्ष झालीवाड़ा में मतदान करेंगे। वहीं ग्राम पंचायत सिर्रा के वार्ड क्रमांक 11 के पंच पद हेतु सिर्रा के मतदान केन्द्र क्रमांक 07 कनिष्ठ प्राथमिक शाला भवन माता टोला सिर्रा एवं ग्राम पंचायत वारा के वार्ड नम्बर 12 के पंच पद के लिए मतदान केन्द्र क्रमांक 116 प्राथमिक शाला भवन का पूर्वी भाग वारा टोला में मतदान करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पंचायत के उपचुनावों की घोषणा के साथ ही ग्राम पंचायत झालीवाड़ा में सरपंच व पंच पद के लिए सरगर्मी प्रारंभ हो गई है और पंचायत के मतदाताओं द्वारा प्रत्याशियों की तलाश जारी कर दी गई है।

## शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया एड्स जागरुकता दिवस

**वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण समिति मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला एड्स नियंत्रण समिति बालाघाट के निर्देशानुसार विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम महाविद्यालय में संचालित रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा स्वास्थ्य विभाग वारासिवनी के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन एवं कृष्णा पराते प्रभारी रेड रिबल क्लब के नेतृत्व में प्रेरक गीत, विशाल एचआईवी एड्स का प्रतीक मानव श्रृंखला एवं नृत्य कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालयीन लगभग 252 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छाया चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं प्रेरक गीत (एचआईवी एड्स) एवं नृत्य के साथ किया गया।

# ग्राम सोनपुरी में संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की महापरिनिर्वाण दिवस मनाई



हरिभूमि न्यूज उकवा।

भारतीय संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की पुण्यतिथि 6 दिसंबर पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। उनकी पुण्यतिथि पर 70वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया । डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक दलित परिवार में हुआ था। उन्होंने पूरा जीवन दलितों, शोषितों और पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने हमेशा मजदूर वर्ग व महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। दलितों के मसीहा अंबेडकर महान चिंतक, समाज सुधारक, न्यायविद व अर्थशास्त्री भी थे।.उकवा क्षेत्र के ग्राम सोनपुरी के बौद्ध विहार में सामूहिक रूप से समस्त बौद्ध उपासक एवं उपासिका एवं ग्राम के समस्त नागरिक उपस्थित रहे जिसमे समाज सेवी संदीप गजभिये, रितिक कामड़े (सचिव बौद्धस्ट समाज सोनपुरी) संतोष मेरावी, प्रवीण मेरावी, सतीश मेरावी, राघव मेरावी, जगदीश मेरावी, नीलेश तेकाम, कृपाल तिलगाम, विपुल तिलगाम, आर्यन तिल्लाशी एवं समस्त ग्रामवासी सोनपुरी उपस्थित रहे सभी ने कहां कि हम बाबा साहब के सिद्धांतों एवं मूल्यों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलकर अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे।

## विधायक गौरव सिंह पारधी ने उपार्जन केंद्रों को लेकर ली समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

क्षेत्र में उपार्जन केंद्रों के संचालन को लेकर विधायक गौरव सिंह पारधी ने एक आवश्यक बैठक ली, जिसमें मार्केटिंग साख समितियों के प्रतिनिधि, खाद्य विभाग के अधिकारी और क्षेत्र के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। बैठक में केंद्रों की तैयारियों की जानकारी ली गई और बीते वर्ष की तरह सभी केंद्रों को यथावत रखने का निर्णय लिया गया, ताकि खरीदी प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के जारी रह सके।धनकोषा, समतपुरी और खैरलांजी केंद्रों के प्रबंधक बैठक में मौजूद रहे और उन्होंने अपनी-अपनी व्यवस्थाओं की स्थिति बताई। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी तरह की समस्या न आए और सभी व्यवस्थाएँ समय पर सुनिश्चित की जाएँ।विधायक पारधी ने कहा कि खरीदी के दौरान किसानों को सहज और पारदर्शी व्यवस्था मिले, यह प्राथमिकता है। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध रहें और किसी भी शिकायत का तत्काल समाधान किया जाए।

## प्रतिभा का हुआ सम्मान, युवक- युवती परिचय सम्मेलन का किया आयोजन

# खैरलांजी में संत शिरोमणि जगनाडे महाराज की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी तहसील मुख्यालय में 8 दिंसबर सोमवार को जिला ऐरेंडेले तेली समाज संगठन के तत्वावधान में संत शिरोमणि जगनाडे महाराज की जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में संत शिरोमणि जगनाडे महाराज के छायाचित्र के समक्ष दिप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर उन्हे स्मरण किया गया एंव पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर तेली समाज के संगठन के द्वारा शैक्षणिक, सामाजिक एंव खेल क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य व प्रतिभा प्रदर्शित करने वाले विद्यार्थी एंव प्रतिष्ठित लोगो को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए प्रोत्साहित किया गया।एंव युवक युवती परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। इस दौरान वक्तओ के द्वार कार्यक्रम की



सहारना करते हुए शिक्षा के महत्व पर सवांद किया गया । बताया गया की शिक्षा से ही परिवार और समाज का विकास निश्चित तौर से होगा। शिक्षा से ही सामाजिक, आर्थिक, व्यापारिक और राजनीतिक क्षेत्र में विकास होगा। इसलिए बच्चो को पढाए और आगे बढ़ाए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी गुनाराम बघेले, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधु ऋषि शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनिता मानसिंह बहेटवार, , डा. खुशरंग कोलते, संगठन के जिलाध्यक्ष सुरज लाल करकाडे, उपाध्यक्ष शकर लाल कोलते, कोषाध्यक्ष तिलकचंद करकाडे, खैरलांजी ब्लॉक अध्यक्ष राजेश कोलते, उपाध्यक्ष दीपचंद साहरे, कोषाध्यक्ष देवचंद मुडे सहित अन्य सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्टना में साइकल सवार की मौत

पुलिस थाना उगली के अंतर्गत गत दिवस ग्राम पंचायत बावली के अंतर्गत सिंदरसी में एक 50 वर्षीय निर्मल मडावी की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद केवलारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार थे, जिससे पुलिस थाना उगली थाना प्रभारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक की मृत्यु हो गई, थाना प्रभारी ने जानकारी दिया कि दो पहिया मोटरसाइकिल जो बालाघाट जिले के खैरगांव के नाम से रजिस्ट्रेशन के आधार पर पता किया गया है, मौके से हमने दो पहिया वाहन जप्त कर घायल को तुरंत 108 की मदद से केवलारी पहुंचाया गया था, जहां पर गंभीर अवस्था होने की वजह से उक्त घायल की मृत्यु हो गई जिसका मर्ग कायम कर घटना के संदर्भ में सूक्षमता से जांच की जा रही है।

### नुक्कड़ नाटक रंगोली भाषण पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर से 7 दिसंबर पखवाड़ा का कार्यक्रम बालाजी कॉलेज बरघाट में इस कार्यक्रम मे छात्र-छात्राओं नुक्कड़ नाटक रंगोली भाषण पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई जिसमें कॉलेज के शिक्षक गण और सिविल हॉस्पिटल बरघाट बरघाट की आईसीटीसी केंद्र से परामर्शदाता श्रीमती रिचा सरवन एवं लैब टेक्नीशियन पुष्पा कटरे सम्मिलित थी जिसमें एचआईवी के प्रति जागरूक के कराया गया।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के केवलारी रेलवे स्टेशन में रेल यात्री सुविधाएं बढ़ाये जाने उठी मांग

केवलारी, केन्द्र सरकार की विकसित भारत की सोच के चलते लगभग 125 वर्षों के बाद आदिवासी लोकसभा क्षेत्र मण्डला सिवनी की आमजनता के सर्वगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य छोटी रेल लाईन नेरोगेज ट्रेन से ब्राडगेज रेल परिवर्तन हो पाया है।तब से इस क्षेत्र में आर्थिक रूप से,अन्य विकास की दौड़ में ,अत्यंत ही पिछड़ा क्षेत्र देश की मुख्य धारा में शामिल हो पा रहा है।

**रेलमंत्री ,सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते एवं डी आर एम दीपक कुमार गुप्ता से केवलारी जागरूक नागरिक मंच ने की मांग**

**रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन का 2 मिनिट का स्टापेज केवलारी, रेलवे स्टेशन में किया जाए**

हरिभूमि न्यूज केवलारी।

ऐसे में इस क्षेत्र की जनता अब रेल सुविधाओं की कड़ी में,केवलारी रेलवे स्टेशन में रीवा इतवारी एक्सप्रेस का 2 मिनिट का स्टापेज, जे साथ ही,केवलारी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म की लंबाई और ऊँचाई भी बढ़ाया जाना अत्यधिक जरुरी है, क्योंकि एक्सप्रेस ट्रेन के स्टापेज के समय एक तो बूढ़े,बुजुर्गों, विकलांग,बीमारियों से ग्रसित लोगों को प्लेटफार्म की ऊँचाई कम होने से रेल डिब्बों में चढ़ने में बहुत अधिक परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही लंबी एक्सप्रेस ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर रुकने में जनरल बोगी ,एवं विकलांग बोगी प्लेटफॉर्म से बाहर खड़ी होने से रेलयात्रियों को भारी परेशानियों, दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं।

एक्सप्रेस ट्रेनों के समय प्लेटफार्म पर बोगी क्रमांक के लिए डिसप्ले खम्बे लगाये जाएं, ताकि 2मिनिट के स्टापेज में यात्रियों को अपनी आरक्षित श्रेणी की बोगी ढूंढ़ने में परेशानियों से छुटकारा मिल पायेगा।इसके साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के केवलारी स्टेशन के साथ ही आदिवासी बहुल क्षेत्र घँसौर में शहडोल नागपुर ट्रेन एवं ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन में सभी एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज देने से रेल यात्रियों के साथ ही रेलवे की राजस्व में बढ़ोतरी भी होगी।

वैसे भी इन क्षेत्रों के लोग,मुख्यतया रोजी रोटी कमाने के लिए इन्दौर, भोपाल, नागपुर, जबलपुर, कटनी,




रीवा, सतना, शहडोल, जैसे महानगरों की ओर जाते है। रेलवे को यात्रियों की सुविधाओं एवं रेलवे की राजस्व आय,इन्कम बढ़ाने के लिए,केवलारी, घँसौर, ग्वारीघाट जैसे रेलवे स्टेशनों में सुविधाओं का विस्तार करना पड़ेगा। ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन में सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का 2 मिनट का स्टॉपेज से आवागमन की सुविधाएं बढ़ेंगी। क्योंकि इस स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज ना होने से लगभग सभी एक्सप्रेस ट्रेन मदन महल ,जबलपुर स्टेशन में प्लेटफार्म खाली होने के इन्तज़ार में बेसमय कछपुरा रेलवे स्टेशन और गढ़ा रेलवे स्टेशन के बीच में खड़ी हो जाती हैं जहां से यात्रियों को जबलपुर महानगर जाने के लिए या अन्यत्र रेल ट्रेनों के कनेक्शन के लिए परेशान होना पड़ता है। इन स्टेशनो के पास से किसी भी प्रकार के ऑटो,सहित अन्य वाहनों की सुविधा आवागमन के लिये उपलब्ध नहीं हो पाती । और सुनसान जगह में 20 मिनट से लेकर आधा,एक घंटे तक ट्रेन यहां खाली रहती है। जिससे लोगों के समय की बर्बादी होती है,साथ ही असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न होती हैं।

ऐसे में यदि ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन में इन्हीं ट्रेनों को 2 मिनट के लिए रोक दिया जाता हैं तो वहां से पूरे शहर के लिए साधन उपलब्ध हो जाते हैं। बस स्टैंड, रेलवे बड़ी स्टेशन जाने के लिए यहां से आवागमन की सुविधा सहज ही उपलब्ध हो जाती है। ग्वारीघाट स्टेशन में 2 मिनट का स्टापेज देने से स्टेशन के साथ-साथ रेलवे की भी राजस्व आय में बढ़ोतरी होगी।

केवलारी जागरूक नागरिक मंच के सुधीर पाण्डे सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर महोबिया, हाजी रफीक खान,मनीष जैन,राकेश आत्मपूज्य,पवन यादव, राजू मेहरा,बब्लू खान,स्वप्निल उपाध्याय,चिंटू कौशल के साथ ही सैकड़ों गाँवो की जनता,समाजसेवियों, व्यापारी वर्ग, गरीब मजदूर जनता,रोज अप डाउन करने वाले लोगों, छात्र, छात्राओं ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डी आर एम दीपक कुमार गुप्ता से उपरोक्त माँगो को स्वीकार करके केवलारी स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों में रेल यात्री सुविधाएं बढ़ाने का अनुरोध किया है।

# पांच शावकों के साथ जुगनी बाघिन ने पार की सड़क

**जिले में पेंच टाइगर रिजर्व में रविवार सुबह एक बेहद रोमांचक और दुर्लभ नजारा देखने को मिला।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

खवासा बफर क्षेत्र की चर्चित 'जुगनी' बाघिन अपने पांच नन्हें शावकों के साथ कच्ची सडक़ पर टहलती नजर आई। इस अद्भुत दृश्य को सामने से देखने वाले पर्यटकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने तुरंत इस क्षण को कैमरे में कैद कर लिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



### सुबह-सुबह दिखा दुर्लभ नजारा

जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह खवासा-तेलिया गेट से सफारी पर निकले पर्यटकों के जिप्सी वाहनों के सामने अनायास ही जुगनी बाघिन अपने पांच शावकों के साथ आ गई। बाघिन अपने बच्चों को लेकर सडक़ किनारे जंगल की ओर बढ़ती रही और लगभग उसी दौरान काफी देर तक पर्यटकों को दिखाई देती रही। पर्यटक इस अप्रत्याशित और रोमांचकारी अनुभव से उत्साहित हो उठे।

### नाइट सफारी में चार शावकों संग दिखी थी

यह दूसरा मौका है, जब जुगनी बाघिन अपने शावकों के साथ खुले में नजर आई है। इससे पहले 12 नवंबर को नाइट सफारी के दौरान उसके चार शावकों के साथ सडक पार करने का वीडियो सामने आया था, जिसमें वह अपने बच्चों को मुंह में दबाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाती दिखी थी। उस वीडियो ने भी वन्यजीव प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया था।

लगातार बढ़ती गतिविधि को देखते हुए पेंच प्रबंधन ने सुरक्षा कारणों से नाइट सफारी पर पहले अस्थायी रोक लगाई और बाद में 1 दिसंबर से इसे पूरी तरह बंद कर दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि बाघ विचरण क्षेत्र में मानव हस्तक्षेप सीमित रखना जरूरी है

# सीमा पर शहीदों को सलामः कलेक्टर शीतला पटले की मौजूदगी में धूमधाम से मनाया गया सशस्त्र झंडा दिवस

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सशस्त्र बलों के शौर्य, त्याग और अदम्य साहस को समर्पित सशस्त्र झंडा दिवस को जिला कलेक्टर सभागार में बेहद गरिमामय और भावनात्मक वातावरण में मनाया गया। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में न सिर्फ प्रशासनिक अधिकारियों ने शिरकत की, बल्कि सभागार देशभक्ति की भावनाओं से गूंज उठा।

कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ए.के. दास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर देश की सुरक्षा में लगे जवानों और शहीद परिवारों के प्रति सम्मान प्रकट किया।कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्रीमती पटले ने राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश पढ़ा। उन्होंने कहा देश की



सीमाओं पर कठिन परिस्थितियों में तैनात हमारे वीर सैनिक ही असली राष्ट्र-रक्षक हैं। शहीदों के परिवारों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की मदद करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उनकी यह बात सुनते ही सभागार में बैठे अधिकारियों और कर्मचारियों ने सैनिकों के अद्वितीय बलिदान को याद करते हुए तालियों से वातावरण को गूंजा दिया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती पटले, जिला अधिकारियों एवं उपस्थित अतिथियों ने भारतीय सशस्त्र बलों के कल्याण कोष के लिए व्यक्तिगत रूप से आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। यह दृश्य देखते ही कार्यक्रम में मौजूद लोग भावुक हो उठे, मानो हर किसी के दिल में सैनिकों के प्रति सम्मान और भी गहरा हो गया हो।

### बेटे ने पिता को बका मारा, मामला दर्ज

सिवनी। भैरोगंज में एक व्यक्ति को उसके बेटे ने ही बका मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि फुटबॉल स्टेडियम के सचिव एमके नेमा ने अपने बेटे शुभम से कहा कि उसे स्टेडियम के कर्मचारी से बात करने की आवश्यकता नहीं है। इसी बात को लेकर शुभम का अपने पिता से विवाद हो गया। शुभम ने पिता के साथ मारपीट कर बका से हमला कर घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने शुभम के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

ट्रैक्टर ले जाने से मना किया तो कर दी लखनवाड़ा थाना अंतर्गत चांवड़ी गांव में तीन लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति को पीट दिया। पुलिस ने बताया कि चांवड़ी निवासी शौर्य सोनी ट्रेक्टर ले जा रहा था। तब गांव के महेश मालवीय ने पाइप लाइन के मर मत वाले स्थान से ट्रैरक्टर ले जाने से मना किया।

### शहर में नपा द्वारा चौक चौराहे एवं सार्वजनिक जगह पर अलावा के किए जा रहे इंतजाम



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मौसम का मिजाज बदल रहा है। बड़ी ठंड एवं शीतलहर के चलते तापमान नीचे आ गया है। शहर में नपा द्वारा उसके लिए चौक चौराहे एवं सार्वजनिक जगह पर अलावा के इंतजाम किए जा रहे हैं। चिन्हित स्थानों पर जलाऊ लकड़ी गिराई जा रही है।

प्रभारी बसन्त चौहान ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अलावे के लिए परिषद की गाडियों से लकड़ी जा रही है । नपा अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विशाल मर्सकोले के निर्देशन में भीड़भाड़ वाले चौक चौराहे एवं सार्वजनिक स्थानों का चयन किया गया है। राज्य परिवहन बस स्टैंड, प्राइवेट बस स्टैंड, जिला चिकित्सालय, आश्रय स्थल, वृद्धाश्रम एवं रेलवे स्टेशन सहित कई स्थानों को बिंदु बनाया गया है। यहां पर जलाऊ लकड़ी गिराई जा रही है। जिससे रात में लोगों को ठंड से बचाया जा सके। समय के साथ और भी पॉइंट बढ़ाया जा सकते हैं।

# कान्हीवाड़ा क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने पुलिस से लगाई गुहार

**जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन, जुआ-सट्टा और अवैध शराब बिक्री पर तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों ने थाना प्रभारी संतोष पन्द्रे को ज्ञापन सौंपा।**

### स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



लोगों का कहना था कि क्षेत्र में अपराध बढ़ता जा रहा है। अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है। अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर बेखौफ होकर और तेज रफ्तार से क्षेत्र में दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। इस मनमानी के कारण सडक़ों पर दुर्घटना का गंभीर खतरा बना हुआ है। मुख्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों का दूसरा प्रमुख केंद्र अवैध शराब बिक्री है।

नागरिकों ने शिकायत की है कि क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। कई ढाबों में भी शराब परोसी जा रही है। इसके अलावा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था भी बिगड़ी हुई है। स्कूल के समय मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बन जाती है। जिससे आवागमन प्रभावित होता है। इसके साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए आवागमन मार्ग पर सक्रिय असामाजिक तत्वों और मनचलों पर पुलिस की सख्त निगरानी रखने एवं क्षेत्र में जुआ-सट्टा पर लगाम लगाने एवं आदतन अपराधियों को चिन्हित करने और उनकी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने की मांग की गई।

अवैध कॉलोनी हो रही विकसित

स्थानीय लोगों का कहना था कि अवैध तरीके से क्षेत्र में कॉलोनी विकसित की जा रही है। ऐसे में लोग उनकी चंगुल में फंस रहे हैं। अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

# अब पुलिस को भी समझाइश स्वच्छता की



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

थाना कोतवाली प्रांगण एवं थाना के सभी कक्षों की साफ सफाई एवं धुलाई का कार्य कराया गया है एवं समस्त स्टाफ को अपने आसपास बैठने के स्थान पर साफ सफाई बनाए रखने एवं किसी भी तरह की गंदगी ना करने की समझाईश दी है एवं संध्या कालीन गणना के उपरांत स्टाफ के साथ शहर के भीड़भाड़ वाले स्थानों में पैदल मार्च कर दुकानों को व्यवस्थित कराया जाकर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है एवं खुले में शराब पीने वाले व्यक्तियों को खुले में शराब न पीने की हिदायत दी गई है।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षत्रिय पवार समाज के सामाजिक समरसता कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय से किया गया जनसंवाद

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनाँक 07/12/25 को ग्राम बोरीकलां में आयोजित जिला सिवनी के क्षत्रिय पंवार समाज के सामाजिक समरसता कार्यक्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील मेहता उपस्थित हुए, उक्त कार्यक्रम के दौरान श्रीमान पुलिस अधीक्षक ने अपने उद्बोधन में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए बताया कि वर्तमान समय में **AI** का युग है जिसके चलते टेक्नोलॉजी के उपयोग के दौरान सावधानी बरतने की नितांत आवश्यकता है आजकल **deep** फेंक **video's** के माध्यम से तरह तरह से फ्रॉड किए जा रहे है, चाहे वो डिजिटल अरेस्ट हो या



किसी व्यक्ती के **morph** वीडियो/फोटो के माध्यम से ब्लैकमेल करना हो। इस हेतु सावधानी से इन्टरनेट का उपयोग किया जाए अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल को लाक रखने के साथ साथ अकाउंट को 2 फैक्टर **authentication** को चालू रखा जाए ताकि अकाउंट हैक होने से बच सके, इसके अतिरिक्त महिला संबंधी अपराधों के बारे में प्रकाश डालते हुए जानकारी दी की बच्चियों को सोशल मीडिया या अन्य किसी प्रभावों में नहीं आना चाहिए, बालक/ बालिकाओं को केवल पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है जिस से आगे चल कर वो अपने इच्छित लक्ष्य को प्राप्त कर सके। साइबर फ्रॉड के विषय में प्रकाश डालते हुए जानकारी दी कि साइबर ठग तरह तरह से प्रलोभन देकर लोगों को ठग रहे है जैसे बैंकिंग फ्रॉड, बीमा संबंधी फ्रॉड, जॉब फ्रॉड, विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधी फ्रॉड, किसी नामी कंपनी की **franchisee** दिलाने संबंधी फ्रॉड, समान सस्ते में दिलाने संबंधी फ्रॉड, लोन दिलाने संबंधी फ्रॉड के बारे में विस्तार से जानकारी दी, फ्राड संबंधी काल आने पर आने वाली काल की सत्यता को परखे आवश्यकता पडने पर पुलिस को सुचित करें। कार्यक्रम मे पवार क्षत्रिय समाज के गणमान्य नागरिक एंव लगभग 700 की संख्या मे जनसुमदाय उपस्थित रहा।

**वर्ष 2025 में पीजी कॉलेज ने खेलों की दुनिया में अर्जित की ऐतिहासिक उपलब्धियाँ**

# संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सिवनी की बेटियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

खेल जगत में लगातार उपलब्धियाँ अर्जित करते हुए संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सिवनी जिले की बेटियों ने अपना दमखम दिखाया और चैंपियन का खिताब अपने नाम करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है. एथलेटिक्स की ओवरऑल चैंपियनशिप के सभी मेडल भी सिवनी की बेटियों ने




अपने खाते में दर्ज किए हैं। स्पोर्ट्स ऑफिसर केसी राउर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश की युवा खेल प्रतिभाओं को निखारने और उच्च शिक्षा संस्थानों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर अनुसार वर्षभर प्रतियोगिता? आयोजित की जाती हैं. इसी क्रम में राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के अंतर्गत संपन्न हुई एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चारों जिलों के खिलाड़ी शामिल हुए. सिवनी जिले की महिला टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप की ट्रॉफी अपने खाते में दर्ज की. पीजी कॉलेज सिवनी की छात्रा खुशी बघेल को सर्वाधिक तीन मेडल प्राप्त हुए. सात गोल्ड और एक-एक रजत और कांस्य पदक भी पीजी कॉलेज ने अर्जित किये।

# किसानों की समस्याओं पर प्रदेश की सोई हुई भाजपा सरकार को जगाने विशाल किसान आंदोलन कल

**सिवनी।** दिसम्बर, वर्तमान में मक्का के गिरते दाम, खाद एवं बीज की कमी, सिंचाई, बिजली आपूर्ति जैसी किसानों की ज्वलंत समस्याओं पर प्रदेश की सोई हुई भाजपा सरकार को जगाने, में विशाल किसान आंदोलन दिनांक 10 दिसम्बर 2025, दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे, स्थानीय कचहरी चौक सिवनी में किया जाना है। अपने हक की लड़ाई लडने के लिए सभी अन्नदाता कृषक बन्धुओं की उपस्थिति अनिवार्य एवं प्रार्थनीय है। जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा किसान हित में की जाने वाली मॉगे निम्नलिखित है 1.समर्थन मूल्य वर्तमान में अन्नदाता किसान अपनी उपज मक्का को औने-पौने दामों में बेचने पर मजबूर है, अतः मक्के की खरीदी सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 2400 रू. प्रति क्विंटल सुनिश्चित की जायें साथ ही धान को 3100 रू. समर्थन मूल्य एवं गेहूँ 2700 रू. प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर खरीदी की जायें। 2.खाद बीज की समस्याः-बोनी के समय किसानो को पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जायें। तथा यूरिया एवं डीएपी खाद की कालाबाजारी त्वरित रोकी जायें। 3.खाद विक्रय के डबललॉक केन्द्रो में किसानों से खसरे एवं पावती की सत्यापित प्रतिलिपि मांगी जाती है जो किसानों पर आर्थिक भार व असुविधा पैदा करती है,अतएव इस पर रोक लगाई जायें। 4.बिजली समस्याःकिसानों को सिंचाई हेतु प्रति दिन 10घंटा प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक उपलब्ध करायी जायें। 5.वोल्टेज की समस्याःकिसानों को प्रति दिन उपलब्ध करायी जाने वाली बिजली में वोल्टेज की कटौती ना की जाये एवं ट्रांसफार्मर का उचित रख रखाव किया जाये। साथ ही किसानों के उपर भारी भरकम बकाय बिजली बिलो की जबरन वसूली तत्काल रोकी जाये एवं किसानों के काटे गए विद्युत कनेक्शन पुनः जोडक़र बिजली बिल मॉफ किये जायें। 6. मंडी में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर तुरंत सुधार किया जायें।

## खबर संक्षेप



### कोऑपरेटिव बैंक बालाघाट में नवागत सीईओ अभिनव सिंह बघेल ने संभाला पदभार

**बालाघाट।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट में 8 दिसंबर को नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) अभिनव सिंह बघेल ने औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने जिले के कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना से सौजन्य भेंट कर बैंक के कार्य संचालन संबंधी प्राथमिक जानकारियाँ साझा कीं। नवागत सीईओ ने बैंकिंग सेवाओं को बेहतर बनाने तथा सहकारी बैंक को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की प्रतिबद्धता जताई।

### आज मिरगपुर में निशुल्क नेत्र शिविर



**खैरलांजी।** शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिरगपुर में आज 10 दिसंबर मंगलवार को एक दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन होने जा रहा है। यह जानकारी नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस. बिसेन के द्वारा दी गई । उन्होंनो बताया की निशुल्क नेत्र शिविर में आंखो के मरीजो की जांच कर लाभान्वित किया जाएगा।

### गर्भवती महिला की मृत्यु के मामले में अपंजीकृत निजी चिकित्सक गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

**बालाघाट।** बीएमओ लालबर्रा डॉ रितु धुर्वे ने बताया कि दिनांक 09 जुलाई 2025 को टेंगनीकला निवासी 26 वर्षीय गर्भवती महिला प्रियंका पति राकेश की मृत्यु हो गई थी। इसकी जांच के लिए वरिष्ठ कार्यालय द्वारा एक जांच टीम का गठन किया गया था। जांच टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया गया था। जिसमे अपंजीकृत निजी प्रेक्टिशनर अवधेश आड़े द्वारा गर्भवती महिला का ईलाज करना एवम मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान अधिनियम का उल्लंघन करना पाया गया था।जांच प्रतिवेदन के आधार पर मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य आधिकारी डॉ परेश उपलप द्वारा इस प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही के लिए खंड चिकित्सा आधिकारी लालबर्रा को निर्देशित किया गया था। जिस पर प्राथमिकी दर्ज कर थाना लालबर्रा पुलिस ने इस प्रकरण को जांच में लिया है और सम्बंधित निजी चिकित्सक अवधेश आड़े को 06 दिसम्बर को गिरफ्तार कर लिया गया है और जेल भेज दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और परिजनों को उचित न्याय दिलाने के लिए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई जारी है।

मामला ग्राम पंचायत भांडामुर्री का

# भांडामुर्री डगवेल घोटाला - सुर्खियों के बावजूद प्रशासनिक 'आँखें बंद', सांठगांठ की बू...

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



लालबर्राजनपद पंचायत लालबर्रा की ग्राम पंचायत भांडामुर्री में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत चार डगवेल (रिचार्ज पीट) के निर्माण में हुए हाई-प्रोफाइल फर्जीवाड़े ने पूरे जिले के प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि मौके पर कोई काम हुए बिना, केवल मस्टररोल में फर्जी हाज़िरी और मटेरियल के जाली बिल लगाकर सरकारी खजाने से राशि का अवैध आहरण कर लिया गया है। शिकायतकर्ता अरुण ठाकरे ने दावा किया है कि यह घोटाला ग्राम रोज़गार सहायक संतोष जुगनाके तक सीमित नहीं है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भुगतान की जटिल प्रक्रिया, जिसमें मस्टररोल का ऑनलाइन सत्यापन (वेलवेंसेशन) उपयंत्री द्वारा, मटेरियल बिलों पर सरपंच-सचिव के हस्ताक्षर, नोटशीट पर APO और AE की मुहर, और अंत में राशि आहरण के लिए CEO के डिजिटल हस्ताक्षर की आवश्यकता होती है, यह साबित करती है कि यह किसी एक कर्मचारी का नहीं, बल्कि ग्राम पंचायत से लेकर जनपद स्तर तक शीर्ष अधिकारियों की एक सुनियोजित मिलीभगत का परिणाम है। स्थानीय ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों द्वारा लगातार उच्च-स्तरीय जाँच की माँग किए जाने और यह मामला लगातार अख़बारों की सुर्खियां बटोरने के बावजूद, जिला प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस या त्वरित कार्रवाई न किया जाना गंभीर सवाल खड़े करता है। प्रशासन की यह उदासीनता या धीमी गति स्पष्ट रूप से अधिकारियों के बीच आपसी साठगांठ और भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के प्रयास की ओर इशारा करती है, जिससे यह संदेह गहराता जा रहा है कि इस रैकेट में शामिल बड़े नामों को बचाया जा रहा है।

मैपिंग धरमकाटा बदलने के संबंध में धान खरीदी केंद्रों में असमानता का मामला

# धान खरीदी केंद्र उपार्जन घोटी के प्रभारी बीआर आसटकर ने की मां एग्रो इलेक्ट्रॉनिक धरम काटा" की शिकायत





हरिभूमि न्यूज लांजी।

शाखा लांजी और शाखा साडरा के अंतर्गत संचालित धान खरीदी केंद्रों में उपयोग किए जाने वाले "मां एग्रो इलेक्ट्रॉनिक धरम काटा" (नीमटोला, लांजी) में लगातार गड़बड़ी की शिकायतें आ रही हैं। खरीदी प्रभारी एवं प्रबंधकों ने इस विषय को अनुविभागीय अधिकारी, लांजी के समक्ष उठाया था, परन्तु उनकी मांगों पर अभी तक कोई समाधान नहीं निकला। 6दिसंबर2025 को धान खरीदी केंद्र घोटी में वाहन क्रमांक CG04LM 9714 का खाली वजन मां एग्रो राइस मिल, नीमटोला में *13120किग्रा* दर्ज किया गया। 750 बोरी धान लाने के बाद वही वाहन 43360किग्रा वजन दिखा।- उसी वाहन का वजन मारुति धरम काटा, लांजी में 43650किग्रा तथा पारासर धरम काटा, हीरी में 43420किग्रा आया।

इस प्रकार दो धरम काटों के बीच 290किग्रा का अंतर पाया गया।वहीं 7दिसंबर2025 को वाहन क्रमांक *MH35K4225* का भरी वजन मां एग्रो धरम काटा में *34860किग्रा* तथा मारुति धरम काटा में *35040किग्रा* दर्ज हुआ (अंतर180किग्रा)। वाहन क्रमांक MH35K5125 का भरी वजन मां एग्रो धरम काटा में *35180किग्रा* तथा मारुति धरम काटा में 36330किग्रा(अंतर150किग्रा) पाया गया।

### इस मामले को लेकर धान खरीदी प्रभारियों की प्रमुख मांगें

"मां एग्रो धरम काटा" में लगातार मिल रही गड़बड़ी के कारण सभी धान खरीदी केंद्रों में इस धरम काटा का उपयोग न किया जाए। , अनुविभागीय अधिकारी, लांजी द्वारा आयोजित धान उपार्जन बैठक में इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा की गई थी, परन्तु अभी तक कोई सकारात्मक उत्तर नहीं मिला।, यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 8दिसंबर2025 से धान की खरीदारी में असहयोग का निर्णय लिया जाएगा अधिकारियों की प्रतिक्रिया अनुविभागीय अधिकारी, लांजी कमलचंद सिंहसार ने इस मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि "सभी धरम काटों की पुनः कैलिब्रेशन कराई जाएगी और आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।"

निष्कर्ष-लांजी क्षेत्र में धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वजन माप उपकरणों की सटीकता आवश्यक है। वर्तमान में "मां एग्रो इलेक्ट्रॉनिक धरम काटा" में दर्ज किए गए वजन में अंतर ने खरीदी प्रभारियों और किसानों के बीच चिंता उत्पन्न कर दी है। प्रशासनिक स्तर पर शीघ्र समाधान की अपेक्षा की जा रही है, ताकि धान उपार्जन में किसी भी प्रकार की बाधा न आए।

बालाघाट जिला चिकित्सालय में चार मासूमों को मिली नई जिंदगी

# नन्हें बच्चों के सधे हुए कदमों से अब परिवार में आयेगी खुशियां

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कभी अपने बच्चों के छोटे-छोटे पांव देखकर चिंतित रहने वाले चार परिवारों के चेहरों पर आज मुस्कान है। इसकी वजह है जिला चिकित्सालय बालाघाट में हुई क्लबफुट की सफल सर्जरी, जिसने इन मासूमों के जीवन में नई उम्मीद जगा दी है। अब यह नन्हें बच्चे अपने सधे हुए कदमों से चल सकेंगें और उनके बढ़ते कदमों को देखकर परिवार में खुशियां आयेंगी।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) के जरिये हर उस बच्चे तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने का प्रयास हो रहा है, जिसे समय पर इलाज की जरूरत है। इसी प्रयास का परिणाम है कि वार्ड नंबर-01 बालाघाट की 07 माह की आरुई मेश्राम, बोरी के 06 माह का तक्ष लिल्हारे, वार्ड नंबर-12 किरनापुर की 07 माह की जसिका नागेश्वर और ग्राम मंडवा का 01 साल का रितिक मर्सकोले यह चारों बच्चो अब सामान्य जीवन की ओर बढ़ रहे हैं। इन बच्चों के माता–पिता बताते हैं कि जन्म से ही उनके बच्चों के पैर मुड़े हुए थे। चलने की उम्र आने पर भी बच्चों का भविष्य अनिश्चित लग रहा था। माता-पिता के मन में डर था कि क्या हमारा बच्चा कभी ठीक से चल पाएगा? लेकिन जिला चिकित्सालय की समर्पित टीम उनकी सबसे बड़ी उम्मीद बनकर सामने आई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप, सिविल सर्जन डॉ. नीलय जैन और डीईआईसी प्रबंधक राजाराम चक्रवर्ती की निगरानी में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय समद ने इन चारों बच्चों की सावधानीपूर्वक जांच कर सर्जरी का निर्णय लिया। सर्जरी के बाद बच्चों के पांव अब सही आकार में आ रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि कुछ समय के फिजियोथेरेपी और देखभाल के बाद ये बच्चे बिल्कुल सामान्य रूप से चलने लगेंगे। सर्जरी के बाद आरुई की मां की आंखों में आंसू थे, लेकिन यह आसूं दुख के नहीं बल्कि खुशी के थे। उन्होंने कहा, "हमारे बच्चे के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं। सरकारी योजनाओं ने हमें वो मदद दी, जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी।" इसी तरह रितिक के पिता ने बताया कि निजी अस्पताल में इतना महंगा इलाज कराना उनके बस में नहीं था। लेकिन जिला अस्पताल में मिला निःशुल्क उपचार उनके बेटे के लिए जिंदगी बदलने वाला साबित हुआ।

यह सफलता केवल चार बच्चों की कहानी नहीं, बल्कि उस भरोसे की कहानी है जो आम जनता सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में फिर से महसूस कर रही है। जिला प्रशासन ने भी आश्वस्त किया है कि आगे भी ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें समय पर इलाज उपलब्ध कराया जाएगा ताकि कोई बच्चा विकलांगता के साथ बड़ा न होने पाए। आज इन चार परिवारों के छोटे-छोटे कदमों में फिर से उम्मीद है और यही बालाघाट स्वास्थ्य तंत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के संबंध में दिये गये निर्देश

**बालाघाट।** 08 दिसंबर 2025 को निदेशक भारत निर्वाचन आयोग श्रीमती शोभा सक्सीना द्वारा वीडियो कांफ्रेस के माध्यरम से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण SIR के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में सर्वप्रथम समस्त ईआरओ को अपनी-अपनी विधानसभा क्षेत्र के समस्त मतदान केन्द्र स्तर पर आयोजित की गई।

बालाघाट–गोंदिया–जबलपुर रेल सुविधाओं के विस्तार व आधुनिकीकरण का प्रस्ताव दिया

# सांसद ने श्रीमती भारती पारधी ने रेल मंत्री से की क्षेत्रीय रेल विकास पर महत्वपूर्ण चर्चा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 08 दिसंबर को संसद भवन में बालाघाट–सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने भारत सरकार के रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से सौजन्य भेंट कर अपने क्षेत्र की रेल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की। सांसद श्रीमती पारधी ने रेल मंत्री के समक्ष कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे, जिनसे क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी और विकास की रफ्तार को नया आयाम मिल सकेगा।

**बैहर चौकी रेलवे क्रॉसिंग पर ROB निर्माण का प्रस्तावः** सांसद श्रीमती पारधी ने बालाघाट नगर के बैहर चौकी रेलवे क्रॉसिंग पर नये रेल ओवरब्रिज (ROB) के शीघ्र निर्माण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यहां आए दिन जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटना की संभावनाएँ भी बढ़ जाती हैं। इस ROB के बनने से नगरवासियों को बड़ा राहत मिलेगी।

पैंचवैली एक्सप्रेस विस्तार की मांग

सांसद श्रीमती पारधी ने पैंचवैली एक्सप्रेस को बालाघाट होकर गोंदिया तक विस्तारित करने का प्रस्ताव रखा। सांसद ने कहा कि इस विस्तार से यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी, अधिक यात्रा विकल्प और समय की बचत का लाभ मिलेगा।

**गोंदिया–बालाघाट–जबलपुर रेल खंड के दोहरीकरण की आवश्यकताः** सांसद श्रीमती पारधी ने क्षेत्र की तेजी से बढ़ती यात्री संख्या और माल परिवहन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सांसद ने गोंदिया–बालाघाट–जबलपुर रेलखंड के दोहरीकरण (Double Line) को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। दोहरीकरण से रेल यातायात क्षमता बढ़ेगी, समयबद्धता में सुधार होगा तथा क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।

सांसद श्रीमती पारधी ने बताया कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और बेहतर रेल सुविधाओं के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रेल मंत्री द्वारा इन महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर जल्द ही सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।



## 10 हजार 479 किसानों से 106.63 करोड़ रुपए की, 04 लाख 50 हजार 120 क्विंटल धान की हुई खरीदी

**बालाघाट। किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 185 केंद्रो पर 01 दिसम्बर से धान की खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर श्री मीना की अध्यक्षता में 08 दिसम्बर को जिला उपार्जन समिति की बैठक में धान खरीदी की समीक्षा की गई।**

बैठक में निर्देश दिए गए कि जिले के जिन खरीदी केंद्रो पर अधिक मात्रा में धान की खरीदी हो रही है, उन पर कड़ी निगरानी रखी जाए। ऐसे केंद्रो की प्रतिदिन कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक एवं नागरिक आपूर्ति निगम की टीम द्वारा जांच की जाए। जिले के सभी खरीदी केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी रखने के निर्देश दिये गए। किसानों से अपील की गई कि वे अपनी धान को अच्छी तरह से साफ कर एवं सुखाकर ही विक्रय के लिए लाए। खरीदी केंद्रो पर शासन द्वारा निर्धारित एफएक्यू गुणवत्ता की धान ही खरीदी जाएगी। बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी खरीदी केंद्रो पर बारदाने की समुचित व्यवस्था रखी जाए। बारदाने के अभाव में किसी भी केंद्र पर धान की खरीदी बाधित नही होना चाहिए।

बैठक मे बताया गया कि 08 दिसम्बर की शाम तक जिले के 63 हजार 714 किसानों द्वारा धान विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग की गई है, इनमें से 10 हजार 479 किसानों से 04 लाख 50 हजार 120 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 106 करोड़ 63 लाख 34 हजार 280 रुपए का भुगतान किया जाना है। किसानों से खरीदे गए 01 लाख 16 हजार 100 क्विंटल धान का परिवहन कर गोदामों में पहुंचाया जा चुका है। अब तक किसानों को 01 करोड़ 19 लाख रुपए का भुगतान उनके बैंक खातों में किया जा चुका है।

# रामधेर मज्जी समेत 12 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

## रामधेर मज्जी पर 1 करोड़ का था इनाम



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के बॉर्डर से सटे छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ स्थित थाना बकर कट्टा में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माओवादी) के 12 कैडर ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। इन कैडरों ने अपने पास मौजूद हथियार भी सुरक्षा बलों को सौंप दिए।

मध्य प्रदेश का यह प्रमुख नक्सल प्रभावित जिला, जिसकी पहचान 1990 के दशक से नक्सली हिंसा और सक्रियता के लिए रही है, अब आधिकारिक रूप से नक्सल मुक्त घोषित कर दिया गया है। यह उपलब्धि केंद्रीय गृह मंत्रालय की मार्च 2026 की तय समय सीमा से पहले हासिल हुई है।

बालाघाट एसपी आदित्य मिश्रा के मुताबिक, नक्सलियों ने पुनर्वास से पुनर्जीवन तक सरकार की नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया है। इससे जिला लगभग नक्सली मुक्त हो गया है। जिले में अब सिर्फ एक नक्सली दीपक सक्रिय है। सुरक्षा एजेंसियों को उम्मीद है कि वह भी जल्द सरेंडर कर देगा।

आत्मसमर्पण करने वालों में एमएमसी जोन प्रभारी रामधेर मज्जी भी शामिल रहे, जिन्होंने एक AK-47 राइफल सौंपकर समर्पण किया। उनकी गार्ड और हार्डकोर नक्सली मानी जाने वाली सुनीता ओयाम कुछ वक्त पहले ही बालाघाट पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर चुकी थी। इस दौरान कुल 12 हथियार सौंपे गए, जिनमें दो एके-47, दो इंसास, एक एसएलआर और दो .303 राइफलें शामिल हैं।

सरेंडर करने वाले अन्य प्रमुख नक्सलियों में चंदू उसेंडी (डीवीसीएम), ललिता (डीवीसीएम), जानकी (डीवीसीएम), प्रेम (डीवीसीएम), राम सिंह दादा (एसीएम), सुकेश पोट्टम (एसीएम), लक्ष्मी (पीएम), शीला (पीएम), सागर (पीएम), कविता (पीएम) और योगिता (पीएम) शामिल हैं।

इन नक्सलियों ने पुनर्वास योजना के तहत सरेंडर किया है। उन्हें राज्य सरकार की मौजूदा पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता, कौशल विकास प्रशिक्षण और सामाजिक पुनर्स्थापन का आश्वासन दिया गया है।

विधायक मधु भगत के प्रयास से परसवाड़ा क्षेत्र को मिली 11 करोड़ की सौगात

# विधानसभा क्षेत्र को मूलभूत सुविधाओं से सशक्त बनाना प्राथमिकता-भगत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



परसवाडा विधानसभा क्षेत्र 110 के विधायक मधु भगत ने वर्तमान शीतकालिन सत्र में अपनी सक्रियता को बनाये रखते हुए जहां एक ओर सदन में मंत्रियों से सवाल पूछने की बौछार लगा दी वहीं दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में जनहित से जुडे मुद्दों पर होने वाले विरोध प्रदर्शन में भी अपनी सक्रिय भूमिका को निभाने में कोई कमी नहीं छो डी।

इन सब से अलग क्षेत्र में विकास कार्यो को नई गति प्रदान करने के लिये भी उन्होने राज्य सरकार के माध्यम से विभिन्न स्तर पर नई नई सौगात दिलाने के प्रयास में भी कोई कमी नहीं छोड़ी है। इसी के अंतर्गत क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से अनुपूरक बजट में परसवाडा क्षेत्र की चार महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिली है जिसकी कुल लागत लगभग 5 करोड रूपये है। ये सड़कें उन दुरस्थ और उपेक्षित अंचलों में प्रस्तावित है जहां लंबे समय से बेहतर सड़क सुविधा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। प्राप्त स्वीकृति के अनुसार ग्राम लिंगा खरपडिया मार्ग की कुल लंबाई 1.30 किमी होगी जो आसपास के कई गांवों को जोडने वाली महत्वपूर्ण सड़क साबित होगी इसी तरह से कटंगा उड़

दना मार्ग की लंबाई 5 किमी निर्धारित की गई है। जो बडे ग्रामीण भूभाग को यातायात सुविधा उपलब्ध करायेगी। इसके अतिरिक्त रूपझर से बिनाटोला मार्ग की एक किमी सड़क तथा ठाकुरटोला पहुंच मार्ग निर्माण सूची में शामिल है। इन सभी सड़कों की कुल लंबाई लगभग 8.0 किलोमीटर है। जिन पर 4 करोड 86 लाख रूपये का व्यय प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि इन कार्यो के शीघ्र आरंभ के लिये 1 करोड रूपये की प्रारंभिक राशि भी स्वीकृत कर दी गई है जिससे निर्माण प्रक्रिया जल्दी प्रारंभ होने की उम्मीद है। इसी तरह से लोनिवि के माध्यम से परसवाडा क्षेत्र के डोंगरबोडी से पांडेवाडा मार्ग में मेहकारी नदी पर पुल निर्माण के लिये 6 करोड 65 लाख की राशि स्वीकृत कराई है जिसमें 1 करोड रूपये कार्य को प्रारंभ करने प्रथम चरण में दिये जायेगें। इस पुल के निर्माण से उपरोक्त क्षेत्र का एक बडा भूभाग को आवागमन में महत्वपूर्ण सुविधा प्राप्त होगी। इसी तरह से क्षेत्र के कुछ और महत्वपूर्ण ग्रामों को जोडने वाले नदी पर पुल निर्माण के भी प्रस्ताव विधायक भगत द्वारा शासन को भेजे गये है जो इन पंक्तियों के लिखे जाने तक प्रक्रिया में है। इस तरह से इस शीतकालिन सत्र में परसवाडा क्षेत्र को मिले बडी सौगातों में यह 11 करोड की स्वीकृति का स्वागत करते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि जिन मार्गो के निर्माण की अपेक्षा थी अब वह साकार होते दिख रहे है। विधायक भगत के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों को बेहतर सड़क सुविधा मिलने जा रही है जिसका सीधा लाभ किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को मिलेगा। विकास के प्रति निरंतर सक्रियता दिखाने वाले विधायक ने कहा कि उनका लक्ष्य परसवाडा क्षेत्र को मूलभूत सुविधाओं से सशक्त बनाना है और आगे भी वे जनहित के कार्यो के लिये प्रतिबद्ध रहेगें।